2:1-13

"दृढ़ बन"

2:1-13 तक जो विषय चल रहा है वह "सुसमाचार के लिए दुःख उठाना" है। मसीहियों को मसीह के कार्य के कारण दुःख उठाने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। आयत 3 में, पौलुस ने तीमुथियुस से कहा, "मसीह यीशु के अच्छे योद्धा के समान मेरे साथ दुःख उठा।" आयत 9 में, पौलुस ने कहा, "जिसके लिये मैं कुकर्मी के समान दुःख उठाता हूँ, यहाँ तक कि कैद भी हूँ।"

इन आयतों में निर्देश और प्रोत्साहन दोनों सम्मिलित हैं। तीमुथियुस को दोनों की आवश्यकता थी। सदैव यह बताना पर्याप्त नहीं होता कि क्या किया जाए; कई बार यह बात बताना सहायता करता है कि हमें *क्यों* इसे करना चाहिए। आयतें 1-13 स्वाभाविक तौर पर दो भागों में बंटी हुई हैं। दोनों भागों में निर्देश और प्रोत्साहन दिए गए हैं। 2:1-7 में निर्देश प्रमुख है, जबकि 2:8-13 प्रेरणा में व्याप्त है।

तीन उपदेश (2:1-3)

"बलवन्त हो जा" (2:1)

[1]इसलिये हे मेरे पुत्र, तू उस अनुग्रह से जो मसीह यीशु में है, बलवन्त हो जा।

आयत 1. आयत 1 से 3 में तीन उपदेश दिए गए हैं। पहला एक स्नेही निवेदन है। यह आरम्भ होता है, **इसलिए, हे मेरे पुत्र, तू बलवन्त हो जा।** "इसलिए" एशिया में जो बलवन्त नहीं थे उन लोगों पर और उनेसिफुरुस जो बलवन्त था फिर से दृष्टि डालता है। "मेरे पुत्र" शाब्दिक तौर पर "मेरे बच्चे" है। पौलुस ने तीमुथियुस को 1:2 में अपना "प्रिय पुत्र" कहा। "बलवन्त हो जा" ἐνδυναμόω *(एन्दुनामू)* से है। शब्द के एक रूप का 4:17 में "सामर्थी" में अनुवाद किया गया है।

तीमुथियुस को इस निवेदन को पूरा करने के लिए अपना भाग करना पड़ा, परन्तु हमें आयत 1 के पिछले भाग को नहीं भूलना चाहिए: **उस अनुग्रह से जो मसीह यीशु में है।** जब पौलुस ने तीमुथियुस को "बलवन्त बनने" के लिए कहा, तो उसे मुख्य रूप से उसके मन में यह नहीं था कि तीमुथियुस को अपने पांवों को

जमाने, अपने जबड़े को स्थिर करने और हटने से इनकार करने की आवश्यकता थी। दृढ़ संकल्प करने में कुछ भी गलत नहीं है, परन्तु पौलुस इस बात पर बल दे रहा था कि तीमुथियुस की सामर्थ्य का स्रोत प्रभु था। आत्मिक सामर्थ्य उसकी ओर से एक वरदान है ("अनुग्रह" का एक विषय) (देखें 2 कुरि. 12:8-10) और केवल "मसीह यीशु में" पाया जाता है, एक वाक्यांश जो उसके साथ अद्भुत संघ को संदर्भित करता है जो तब आरम्भ होता है जब हम बपतिस्मा में "मसीह को पहन लेते हैं" (गला. 3:27; KJV)।

"विश्वासी मनुष्यों को सौंप दे" (2:2)

2और जो बातें तू ने बहुत से गवाहों के सामने मुझ से सुनी हैं, उन्हें विश्वासी मनुष्यों को सौंप दे; जो दूसरों को भी सिखाने के योग्य हों।

आयत 2. दूसरे उपदेश में कई शाखाएँ हैं: **और जो बातें तू ने बहुत से गवाहों के सामने मुझ से सुनी हैं, उन्हें विश्वासी मनुष्यों को सौंप दे; जो दूसरों को भी सिखाने के योग्य हों।** जब मैंने ऑस्ट्रेलिया के उत्तर राइड में मैक्केरी स्कूल ऑफ प्रीचिंग (अब मैक्केरी स्कूल ऑफ बिब्लिकल स्टडीज़) में सिखाया था, तो यह आयत हमारे द्वारा उत्पादित समस्त सामग्री में प्रमुख रूप से प्रदर्शित की गई थी। यह कई प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्रेरणा, और आधार रही है।

पन्द्रह वर्षों तक, तीमुथियुस ने पौलुस को सिखाते और प्रचार करते हुए सुना था। यह न केवल जनता के लाभ के लिए था, बल्कि तीमुथियुस के लाभ के लिए भी था। तीमुथियुस ने यह महसूस नहीं किया होगा, परन्तु पौलुस उसे उसका स्थान लेने के लिए तैयार कर रहा था। यीशु ने सुसमाचार को पौलुस को सौंपा था, पौलुस ने इसे तीमुथियुस को सौंपा था, और अब तीमुथियुस को इसे विश्वासी मनुष्यों को सौंपना था। बदले में, उन्हें इसे दूसरों को सौंपना था जो इसे (निहितार्थ द्वारा) दूसरों को सौंपेंगे - और यह तब तक जारी रहेगा जब तक प्रभु वापस नहीं आता। 1:14 में "सौंपना" (παρατίθημι, *पेरातिथेमी)* में अनुवाद किया गया यूनानी शब्द NASB में "खजाना" (παραθήκη, *पेरातेके)* शब्द का क्रिया रूप है। NIV में "जमा करना" है।

ऐसा करना हर पीढ़ी के लिए एक चुनौती है। यह कहा गया है कि हम सदैव विलुप्त होने से एक पीढ़ी दूर रहते हैं। जब तक कि हम सक्रिय रूप से और लगातार सुसमाचार को दूसरों को सौंपना जारी नहीं रखते, अन्यथा मसीहियत सिर्फ "इतिहास का एक पदटीका" बन सकती है।"[1]

तीमुथियुस को "विश्वासयोग्य मनुष्यों" को वचन सौंपना था।[2] "विश्वासयोग्य" πιστός *(पिस्तोस)* से है, जिसका अर्थ "विश्वासी" (परिभाषा में सम्मिलित एक अवधारणा) हो सकता है, परन्तु यहाँ पर "विश्वासयोग्य . . . होने"[3] पर बल दिया गया है। पौलुस ने वचन को प्रमुख मनुष्यों, सफल पुरुषों, या शिक्षित पुरुषों, को सौंपने के लिए नहीं बल्कि *विश्वासी* मनुष्यों को सौंपने के लिए कहा था।

इन लोगों को सक्षम बनने, "दूसरों को सिखाने योग्य" बनने की आवश्यकता थी। "योग्य" ἱκανός *(हिकानोस)* से आता है, जो "सक्षम" या "योग्य" होने का संकेत करता है।[4] चूंकि एक प्राचीन की योग्यताओं में से एक "सिखाने के योग्य" होना है (1 तीमु. 3:2),[5] तीमुथियुस शायद वचन को मनुष्यों के इस समूह को "सौंपने" से आरम्भ करेगा; परन्तु सिखाने की क्षमता प्राचीनों तक ही सीमित नहीं है।

टिप्पणीकार "बहुत से गवाहों की उपस्थिति में" के अर्थ पर सहमत नहीं हैं।[6] "उपस्थिति में" पूर्वसर्ग διά *(दीया)* से है, जिसे आम तौर पर "के द्वारा" में अनुवाद किया जाता है। कुछ लेखकों का मानना है कि वाक्यांश का अनुवाद "कई गवाहों के द्वारा" किया जाना चाहिए और बिंदु यह है कि ये वह लोग थे जो पौलुस की शिक्षा की शुद्धता की गवाही दे सकते थे। हालाँकि, अभिव्यक्ति "उपस्थिति में" होने का भाव भी दे सकती है।[7] इस सन्दर्भ के प्रकाश में यह उत्तम प्रतीत होता है। पौलुस ने थोड़े से लोगों के साथ "गुप्त संदेश" साझा करने का दावा नहीं किया (जैसा कि झूठे शिक्षक करते थे);[8] बल्कि, उसने खुले में सार्वजनिक तौर पर प्रचार किया, "बहुत से गवाहों की उपस्थिति में।"

कुछ लोग इस आयत का उपयोग "प्रेरित उत्तराधिकार" सिखाने के लिए करते हैं। जॉन आर डब्ल्यू स्टॉट ने टिप्पणी की,

> . . . प्रेरितों से उत्तराधिकार को जो लोग इसे सिखाते हैं उनमें अधिक होने की बजाय सन्देश में अधिक होना है। यह प्रेरिताई की सेवकाई, अधिकार या आज्ञा के बजाय प्रेरितों की परम्परा का उत्तराधिकार है, प्रेरितों की शिक्षा का अपरिवर्तनीय रूप से संप्रेषण . . . । यह प्रेरिताई की परम्परा "भली जमा पूंजी", अब नए नियम में पाई जा सकती है।[9]

"दुःख उठा" (2:3)

[3]मसीह यीशु के अच्छे योद्धा के समान मेरे साथ दुःख उठा।

आयत 3. तीसरा परामर्श पौलुस के बंदीगृह के कक्ष के दृश्य पर वापस आता है: **मेरे साथ दुःख उठा।** "मेरे साथ दुःख उठा" एक यौगिक यूनानी शब्द, συγκακοπαθέω *(सनकाकोपथेओ)* जो σύν (*सन,* "साथ"), κακός (*काकोस,* "बुराई, हानि"), और πάσχω (*पाशो,* "सहना")।[10]

पौलुस ने कहा, "मेरे साथ दुःख उठा," **मसीह यीशु के अच्छे योद्धा के समान।** "योद्धा" στρατιώτης *(स्त्रातियोतेस)* से है, जो शब्द "रणनीति" से सम्बन्धित है। पौलुस ने अकसर सैन्य रूपकों का उपयोग किया।[11] एक मसीही की एक सैनिक के रूप में अवधारणा उसके मनपसन्द उदाहरणों में से एक है (देखें फिलि. 2:25; फिलेमोन 2)। जेम्स थोमसन ने टिप्पणी की,

> कई वर्षों पहले एक बड़े प्रोटेस्टेंट डिनोमिनेशन में एक नई भजन पुस्तिका में भजनों के चुनाव को लेकर एक विवाद हुआ। एक समूह ने आग्रह किया कि

सैन्य चित्रण के गीतों को नए संस्करण से हटा दिया जाए। "ऑनवर्ड क्रिस्चियन सोल्जर्स" और "सोल्जर्स ऑफ़ क्राइस्ट, अराइज़" जैसे गीतों के विषय में एक समूह ने तर्क दिया, कि ये गीत शांति के राजकुमार वाले सिद्धान्त का उल्लंघन करते हैं और कलीसिया के मिशन पर गलत प्रभाव डालते हैं। जब हम 2 तीमुथियुस में पौलुस की सलाह पढ़ते हैं, तो हमें इसमें कोई संदेह नहीं है कि पौलुस ने सैन्य चित्रण में उपयोगिता देखी थी।[12]

पौलुस ने आयत 3 में उपमा का प्रयोग किया ताकि इस बात पर बल दिया जा सके कि एक सैनिक का जीवन कठिन है। वह दिन और रात कर्तव्य पर है और प्रायः हानि के मार्ग में होता है। कोई आसान जीवन की आशा में सैन्य सेवा में नहीं जाता। फिर भी, यदि तीमुथियुस पौलुस के कदमों का अनुसरण करता था, तो वह मसीह के लिए दुःख उठाने की आशा रख सकता था।

तीन उदाहरण (2:4-7)

आयतें 4 से लेकर 7 में तीन उदाहरण दिए गए हैं। आयत 4 में पौलुस ने सैनिक के चित्रण का विस्तार किया। इसके आगे आने वाली आयतों में, उसने दो और उदाहरणों को जोड़ दिया: अखाड़े में लड़ने वाला और किसान। ये पौलुस की मनपसन्द उपमाएं थीं। उसने इन तीनों का प्रयोग 1 कुरिन्थियों में यह स्थापित करने के लिए किया कि आर्थिक सहयोग एक सुसमाचार प्रचारक का अधिकार है (9:6, 7, 24-27)। यहाँ पर, तीनों उस निवेदन से सम्बन्धित हैं जिसे अभी-अभी "दुःख उठाने" के लिए किया गया है।

योद्धा (2:4)

[4]जब कोई योद्धा लड़ाई पर जाता है, तो इसलिये कि अपने भरती करने वाले को प्रसन्न करे, अपने आप को संसार के कामों में नहीं फँसाता।

आयत 4. पहला, योद्धा: **जब कोई योद्धा लड़ाई पर जाता है, तो इसलिये कि अपने भरती करने वाले को प्रसन्न करे, अपने आप को संसार के कामों में नहीं फँसाता।** NIV इस आयत के पहले भाग को इस तरह अनुवाद करती है "योद्धा के रूप में काम करने वाला कोई भी।" क्रिया στρατεύω (*स्ट्रातुओ*, "एक योद्धा के रूप में कार्य करना") प्रासंगिक गतिविधियों का उल्लेख नहीं करती जिसमें योद्धा संलग्न हो सकता है (जैसे कि भोजन करना और दूसरों से बात करना), परन्तु उन विशिष्ट कर्तव्यों का उल्लेख करती है जो वह एक सैनिक के रूप में करता है।

"सक्रिय सेवा पर" कोई भी सैनिक (NEB) "प्रतिदिन के जीवन के कामों में स्वयं को नहीं फँसाता है" (2:4)। "फँसाता" ἐμπλέκω *(इम्प्लेको)* से है, एक ऐसा शब्द जिसका शाब्दिक अर्थ "संग जुड़ना" है।[13] एक प्राचीन शब्द उस भेड़ के सम्बन्ध में इसका उपयोग करता है जिसका ऊन कांटेदार झाड़ियों में उलझ गया था।[14] यहाँ, इसका प्रयोग "प्रतिदिन के जीवन के कामों" में उलझने के लिए

उपमा के रूप में किया गया है। "कामों" πραγματεία *(प्रग्मतेइआ)* से है, जिसमें कोई भी "गतिविधि" या "पेशा" सम्मिलित होता है।[15] स्पष्टीकरण के लिए NASB अनुवादकों द्वारा "जीवन" से पहले "प्रतिदिन" को जोड़ा गया है। अन्य संस्करणों में, "नागरिक" का प्रयोग चित्रण को पूरा करने के लिए किया गया है: "नागरिकों के मामले" (NEB; CJB; NIV), "नागरिक कार्य" (ESV), "नागरिक जीवन के काम" (NAB; NJB; NLT)।

आयत चार में मुख्य शब्द "फँसाता" है। किसी भी मसीही को चाहे वह प्रचारक हो या नहीं - उसे स्वयं को जीवन की किसी भी गतिविधि में इतना अधिक नहीं "फँसाना" चाहिए जो उसके मसीह का योद्धा होने के उसके मुख्य "कार्य" में बाधा डालती है। मेरे मन में फ्लोएड श्यूबर्ट का विचार आता है, जो मुस्कोगी, ओक्लाहोमा में वेस्ट साइड चर्च ऑफ़ क्राइस्ट में हमारी कलीसिया के पुरनियों में से एक थे। भाई श्यूबर्ट की एक सफल स्कूल स्टेशनरी सप्लाई कंपनी थी जिसने अधिकांश पूर्वी ओक्लाहोमा में काम किया था। उनके मेज पर एक चिन्ह था जो इस तरह लिखा गया था: "मेरा व्यवसाय प्रभु की सेवा कर रहा है। मैं जीवित रहने के लिए पेंसिल बेचता हूं।" आयत 4 का पाठ हमारी प्राथमिकताओं को सीधा रखना है। संदेश मूल रूप से मत्ती 6:33 का है: पहले तुम परमेश्वर के राज्य और उसके धर्म की खोज करो तो ये सब वस्तुएँ भी तुम्हें मिल जाएंगी।

एक योद्धा को निश्चय ही अपनी प्राथमिकताओं को सीधा रखना चाहिए "इसलिए कि वह अपने भरती करने वाले को प्रसन्न करे" (2:4)। यह शब्दावली हमें विचित्र प्रतीत हो सकती है। क्यों एक योद्धा उसके भरती करने वाले को प्रसन्न करने में रुचि रखेगा? जैसे ही हम आयत 4 पढ़ते हैं, हमें एक आधुनिक भरती दफ्तर के विषय में नहीं सोचना चाहिए। "अपने भरती करने वाले" (στρατολογέω, *स्त्रेतोलोजिओ)* उस व्यक्ति का संकेत करता है जो योद्धाओं को *चुन* रहा था[16] (देखें KJV) और इस अनुच्छेद में "सेना को एकत्र कर रहा" है।[17] एक सेना के अगुवे के लिए स्वयं सेवकों के लिए आवेदन करना एक सामान्य बात थी (देखें 1 शमूएल 11:7)। जब यह मामला था, तो जिसने उसे भरती किया/चुना वह उसे आज्ञा भी दे रहा होगा (देखें NIV)। एक सैनिक को अपने कमांडिंग अधिकारी की आज्ञा का पालन बिना किसी प्रश्न के करना सीखना पड़ता है। युद्ध के मैदान पर जीवन और मृत्यु के बीच यह अंतर हो सकता है।

वह जो हमें बुलाता है (मत्ती 11:28) और हमें चुनता है (कुलु 3:12) वह भी हमारा प्रमुख कमांडर है (मत्ती 28:18)। हमारा कर्तव्य उसे प्रसन्न करना, और बिना प्रश्न के उसकी आज्ञा का पालन करना है।

अखाड़े में लड़ने वाला (2:5)

[5]फिर अखाड़े में लड़ने वाला यदि विधि के अनुसार न लड़े तो मुकुट नहीं पाता।

आयत 5. दूसरा उदाहरण अखाड़े में लड़ने वाले का है: **फिर अखाड़े में लड़ने**

वाला यदि विधि के अनुसार न लड़े तो मुकुट नहीं पाता। एथलेटिक प्रयास पौलुस के लोकप्रिय प्रयासों में से एक थे और उन दिनों में बहुत ही परिचित थे। यूनान में पेनहेलेनिक खेल अत्यधिक लोकप्रिय थे। इनमें ओलम्पिक खेल (ओलम्पिया में), पायथियन खेल (डेल्फी में), नेमीयन खेल (निमिया में), इस्थिमीयन खेल (इस्थिमिया में) और पेनएथेनिक खेल (एथेंस में) सम्मिलित थे।

"अखाड़े में लड़ने वाला" ἀθλέω *(एथलियो)* से है। इस शब्द का सामान्य अर्थ "एक प्रतियोगिता में भाग लेने वाला" है;[18] इसके बारे यह स्पष्ट नहीं है कि इसमें कौन सी एथलेटिक प्रतियोगिताएं सम्मिलित थीं। बहुत से लोग दौड़ के कार्यक्रमों के विषय में सोचते हैं क्यों दौड़ पौलुस का एक मनपसन्द विषय था।[19] फिर भी, यह कोई भी एथलेटिक कार्यक्रम हो सकता था। एल्फ्रेड मार्शल ने इस शब्द का अनुवाद "कुश्ती लड़ता है" में किया है।[20]

कार्यक्रम जो भी रहा इसके बावजूद, एक गंभीर दावेदार होने के लिए जबरदस्त प्रशिक्षण आवश्यक था। खिलाड़ी को प्रतिस्पर्धा करने हेतु तैयार होने के लिए कई निजी सुखों को छोड़ना पड़ता था। वह "पुरस्कार जीतने" के लिए यह सब करने के लिए तैयार था। यह वाक्यांश एक क्रिया का अनुवाद करता है जो στέφανος *(स्टेफानोस)*, विजय के मुकुट से सम्बन्धित है।[21] प्राचीन खेलों में, यह आम तौर पर एक पुष्पमाला का मिश्रण (जैतून, लॉरेल, जंगली अजवाइन, या पाइन से निर्मित) होता था जिसे विजेता के सिर पर पहनाया जाता था।

पौलुस इस बात पर बल दे रहा था कि एक खिलाड़ी जब तक "नियमों के अनुसार" प्रतिस्पर्धा न करे वह "पुरस्कार नहीं जीतेगा।" "नियमों के अनुसार" से है νομίμως *(नोमिमोस)*, जो "नियम" (νόμος, *नोमोस)* से सम्बन्धित है। *नोमिमोस* का अर्थ है "नियमानुसार" (देखें KJV)। पौलुस के मन में जो नियम थे उनके विषय में टिप्पणीकारों में विभाजन है: तैयारी के नियम (देश में अच्छी स्थिति का नागरिक होने और विशिष्ट समय तक प्रशिक्षित होने के नाते) या खेल के नियम स्वयं ही। यह बताए गए बिंदु पर थोड़ा सा ही अन्तर डालता है। चाहे नियम जो भी रहे हों, एक खिलाड़ी के लिए जो विजयी होने की आशा रखता था तो इनका पालन करना आवश्यक था। हमारे समय में, हम कई बार किसी एक खिलाड़ी को नियमों का पालन करने में विफल रहने के कारण अयोग्य घोषित किए जाने का दुखद दृश्य देखते हैं।[22]

किसान (2:6)

[6]जो किसान परिश्रम करता है, फल का अंश पहले उसे मिलना चाहिए।

आयत 6. तीसरा उदाहरण एक किसान का है: **जो किसान परिश्रम करता है, फल का अंश पहले उसे मिलना चाहिए।** एक किसान पौलुस के मनपसंद उदाहरणों ने से एक था (1 कुरि. 9:10; गला. 6:7-9)। "आज अपने शहरी फैलाव के सहित देशों के विपरीत, पौलुस के दिनों में हर किसी को परिश्रमी

किसान की छवि पता थी।"[23] सैनिक और खिलाड़ी के विपरीत, किसान ने जो जीवन जिया "पूरी तरह से उत्साह से रहित, विपत्ति से भरी सभी चकाचौंध और प्रशंसा से दूर था।"[24]

आयत 6 में मुख्य शब्द "परिश्रम" है यह κοπιάω (*कोपियाओ,* "थक कर चूर हो जाने तक परिश्रम करना"[25]), एक शब्द जिसे पौलुस के अपने प्रयत्नों का वर्णन करने के लिए उपयोग किया गया है। उसकी सफलता "उसके कौशल के साथ उसके पसीने"[26] पर भी निर्भर थी। उसे अपने खेत जोतना पड़ता, बीज लगाना और जंगली झाड़ू झाड़ियों और कीट-पतंगों को दूर रखना पड़ता था। यह आशा करते हुए (और प्रार्थना करते हुए) कि परमेश्वर वर्षा भेजेगा। कुछ वर्षों तक उसने फसल की कटाई की थी और कुछ वर्ष नहीं की थी। यदि यह एक अच्छा वर्ष था और किसान की एक सफल फसल हुई थी, तो पौलुस ने कहा कि यह उचित था "फसल का पहला अंश उसे मिले।" उसकी पिछली फसल से लेकर अब तक सभी सेवाओं और वस्तुओं को प्राप्त करने का उत्तरदायित्व उसका था, परन्तु उसे उसके परिश्रम के फल का आनंद मिलना चाहिए था।

कुछ टिप्पणीकार यह विश्वास करते हैं की पौलुस आयत 6में वही बात कह रहा था जो उसने 1 कुरिन्थियों 9:10 में कही थी। किसान (सुसमाचार प्रचारक) को फसल का अंश प्राप्त करने का अधिकार है (जो यह है कि उसे आर्थिक तौर पर सहयोग प्राप्त करने का अधिकार है)। अन्य लोग एक आत्मिक अनुप्रयोग करते हैं: यह प्रचारक/शिक्षक वह है जो उसकी तैयारी और पाठों के लिए सबसे अधिक लाभ प्राप्त करता है। ये दोनों अवलोकन सत्य हैं परन्तु यह आयत 6 के संदर्भ में सटीक प्रतीत नहीं होते। *कठिन-परिश्रम*[27] करने वाले किसान पर बल दिया गया है। चाहे वर्षा हो या ना हो, वह कार्य करता रहता है। चाहे उसकी पहली फसल हो या उसे फिर से बुआई करनी पड़े वह काम करता रहता है। चाहे उसकी फसल पर कीड़े आक्रमण करें, वह काम करता रहता है। वर्ष के हर एक ऋतु में कार्य करना जारी रखता है। अच्छे समय और बुरे समय में, वह काम करता रहता है। वह कभी हार नहीं मानता। जब वह अंततः फसल की कटाई करता है, तो वह "अपने अंश" को प्राप्त करने के योग्य है।

"तीमुथियुस, इन बातों पर ध्यान दे!" (2:7)

[7]जो मैं कहता हूँ उस पर ध्यान दे, और प्रभु तुझे सब बातों की समझ देगा।

आयत 7. पौलुस ने इस उपदेश में तीन संक्षिप्त उदाहरणों का अनुसरण किया: **जो मैं कहता हूँ उस पर ध्यान दे, और प्रभु तुझे सब बातों की समझ देगा।** यहाँ पर सन्दर्भ उन सभी बातों के विषय में हो सकता है जो पौलुस ने कही थी, पर उसके मन में सम्भवतः तीन उदाहरण थे। पौलुस ने तेजी से तीनों को एक के बाद एक करके, बिना व्याख्या के लिखा था - यूनानी लेख (2:3-6) में केवल छत्तीस शब्द थे। उसने तीमुथियुस को इन पर "विचार" करने के लिए कहा।

"ध्यान देना" (νοέω, *नोईयो)* "सोचना, विचार करना"[28] है। "सावधानी से

विचार करना।"[29] वास्तव में, पौलुस कह रहा था कि "केवल शब्दों को पढ़कर आगे मत बढ़, बल्कि रुक और उनके विषय में विचार कर - वास्तव में उनके विषय में विचार कर।"[30] यदि तीमुथियुस ऐसा करेगा, तो पौलुस ने प्रतिज्ञा की थी कि प्रभु उसे "सब बातों की समझ" देगा। यानी, प्रभु उसे उन सभी सच्चाइयों के बारे में समझ देगा जिन्हें उसने अभी घोषित किया था।[31]

आयत 1 में, पौलुस ने संकेत दिया कि प्रभु तीमुथियुस को सामर्थ्य देगा; यहाँ, उसने तीमुथियुस से कहा कि प्रभु उसे समझ देगा। इन प्रतिज्ञाओं के विषय में दो सत्य उल्लेखनीय हैं। सबसे पहले, दोनों मामलों में, तीमुथियुस को अपना भाग करना पड़ा। जो कुछ एक मसीही करता है वह मसीह के लिए करता है यह एक संयुक्त प्रयास है। समझ प्राप्त करने के सम्बन्ध में, तीमुथियुस को पौलुस की शिक्षा को समझने के लिए उसके विषय में सोचना, विचार करना, उस पर ध्यान लगाना था, और गंभीर प्रयास करना था।

कुछ लोग इन आयतों और इन्हीं के समान आयतों का प्रयोग यह शिक्षा देने के लिए करते हैं कि पवित्रशास्त्र को पढ़ने के सबसे सामान्य दृष्टिकोण को भी महत्वपूर्ण आत्मिक सूचना के साथ प्रतिफल दिया जाएगा। वे दावा करते हैं यह इस कारण सत्य है क्योंकि "प्रभु ने प्रतिज्ञा की है कि वह हमें समझ देगा।" इस प्रकार की सोच का परिणाम विचित्र और बिगड़ी हुई व्याख्याओं की बहुतायत है। दो मनुष्यों का एक ही अनुच्छेद की शिक्षा देना और अलग-अलग सिद्धांतों का समर्थन करना आम बात है। विडंबना यह है कि, प्रत्येक दावा करता है कि प्रभु ने उसे आयतों की अपनी समझ दी है - असल में, प्रभु को "गड़बड़ी का परमेश्वर" (1 कुरि. 14:33; KJV) बनाना है। अलेक्जेंडर कार्सन की टिप्पणी विचार करने योग्य है:

> किसी भी मनुष्य को यह कहने का अधिकार नहीं है, जैसा कि कुछ लोगों को यह कहने की आदत है, कि आत्मा मुझे बता रहा है कि इस प्रकार के एक अनुच्छेद का अर्थ इस प्रकार या फिर इस प्रकार है। वह किस प्रकार इस बात से सुनिश्चित हो सकता है कि यह पवित्र आत्मा ही है, और ये एक भ्रम का आत्मा नहीं है, केवल उस प्रमाण के बजाय कि अनुवाद वचनों का वैध अर्थ है?[32]

दूसरा, पौलुस ने यह नहीं बताया कि प्रभु *किस प्रकार* तीमुथियुस को समझ प्रदान करेगा, या वह किस प्रकार हमें समझ प्रदान करता है। वर्षों में, प्रभु ने मुझे कई तरीकों से समझ प्रदान की है। कई बार जैसे ही मैं पढ़ना जारी रखता हूँ, एक अन्य वचन मुझे उसके विषय में जानकारी प्रदान करता है जिस पर मैं विचार कर रहा था। पुस्तकें सहायक रहीं हैं - जैसे की विभिन्न अनुवाद, ग्रीक लेक्सिकन, और विश्वासयोग्य टीका। वचन के प्रकाश में जीवन के अनुभवों (मेरे और दूसरों के) पर दृष्टि डालने ने अनुच्छेदों को और अधिक अर्थपूर्ण बनाया है। मैंने एक उपदेश, एक पाठ, या एक मसीही मित्र द्वारा व्यक्त विचार के माध्यम से भी समझ प्राप्त की है।

जैसा ही मैं अध्ययन करता हूँ, मैं सदैव *प्रार्थना* करता हूँ। "पर यदि तुम में से

किसी को बुद्धि की घटी हो तो परमेश्वर से माँगे, जो बिना उलाहना दिए सब को उदारता से देता है, और उसको दी जाएगी" (याकूब 1:5)। मैं समझ के लिए प्रार्थना करता हूँ; और, सबसे ऊपर, मैं सुनने के लिए एक निष्कपट हृदय के लिए प्रार्थना करता हूँ - मैं वास्तव में वह सुनना - जो प्रभु अपने वचन में मुझसे कह रहा है। परमेश्वर के वचन के हर छात्र को भजनकार की प्रार्थना को अपना बना लेना चाहिए: "मेरी आँखें खोल दे, कि मैं तेरी व्यवस्था की अद्‌भुत बातें देख सकूँ" (भजन 119:18)। धर्मी जन की प्रार्थना के प्रभाव से बहुत कुछ हो सकता है। (याकूब 5:16)।

स्मरण रखने हेतु दो दुःख सहने वाले (2:8-10)

परमेश्वर का पुत्र (2:8)

8यीशु मसीह को स्मरण रख, जो दाऊद के वंश से हुआ और मरे हुओं में से जी उठा, और यह मेरे सुसमाचार के अनुसार है।

आयत 8. 2:3-6 में, पौलुस ने कई ऐसे व्यक्तियों के उदाहरण दिए जिन्होंने दुःख सहा था। अब, आयत 8 में, पौलुस ने तीमुथियुस को दुःख उठाने के सर्वोच्च उदाहरण की ओर ध्यान लगाने की लिए कहा। यह आयत यह कहने के साथ आरम्भ होती है, **स्मरण रख**, जैसे ही पौलुस अध्याय 1 के विषय पर लौटा।

तीमुथियुस को क्या स्मरण रखना था? उसे **यीशु मसीह** को स्मरण रखने की आवश्यकता थी और इस सत्य को भी कि लोगों ने सदैव उसे सराहा नहीं था (मत्ती 13:54-58)। उसे अपने मन में यह स्मरण रखना चाहिए कि यीशु का अनादर किया गया था (यशा. 53:9), उसका ठट्ठा किया गया था (मत्ती 27:27-31, 39-44), उसे तुच्छ समझा गया और उसका तिरस्कार किया गया था (यशा. 53:3)। सबसे ऊपर, उसे यह नहीं भूलना था कि यीशु एक भयानक मृत्यु मरा था (मत्ती 27:35)। "और तुम इसी के लिये बुलाए भी गए हो, क्योंकि मसीह भी तुम्हारे लिये दुःख उठाकर तुम्हें एक आदर्श दे गया है कि तुम भी उसके पद-चिह्नों पर चलो" (1 पतरस 2:21)।

यीशु की पहचान दो तरीकों से की जा सकती है: वह ऐसा व्यक्ति था जो **मृतकों में से जी उठा था**, वह **दाऊद का वंशज था**। मृतकों में से उसके पुनरुत्थान ने उसके "परमेश्वर का पुत्र" होने की घोषणा की (रोमियों 1:4)। उसके दाऊद का वंशज होने ने उसके वह व्यक्ति होने की घोषणा की जिसकी प्रतिज्ञा की गयी थी, जो अभिषिक्त, मसीह था (मत्ती 1:1-17; देखें 2 शमूएल 7:16, भजन 132:11, 12)। यहाँ इस सत्य पर बल दिया गया है कि दाऊद का वंशज होना यीशु की *मानवता* का साक्ष्य है (देखें रोमियों 1:3)। हमारे पापों के लिए दुःख उठाने और हमारे उद्धार को प्रभावित करने के लिए, यीशु को मनुष्य और ईश्वर दोनों होना था (देखें रोमियों 1:3, 4; फिलि. 2:6-8)। पौलुस के दिनों में, झूठे शिक्षक कह रहे थे कि यीशु ईश्वर था, परन्तु मनुष्य नहीं - मांस और हड्डियां नहीं (देखें

2 यूहन्ना 7)। आज कुछ झूठे शिक्षक कहते हैं कि यीशु मांस और हड्डियां था, परन्तु ईश्वर नहीं था। दोनों विचार गलत हैं। वह मनुष्य *और* ईश्वर था!

"मृतकों से जी उठने वाले" वाक्यांश के विषय में एक अतिरिक्त टिप्पणी की जानी चाहिए। "जी उठना" अनुवादित शब्द ἐγείρω *(इगिरो)* का एक उचित कर्मवाच्य कृदन्त है और "अभी भी जीवित है"[33] को इंगित करता है। वाक्यांश का अर्थ यह नहीं है कि "जी उठा था," बल्कि "जी उठा *है।*" "मसीह जी उठा है," जीवित, सर्व-उपस्थित रहने वाला है, जो हमारे लिए परमेश्वर के दाहिने हाथ पर मध्यस्थता कर रहा है (रोमियों 8:34; इब्रानियों 7:25)।

जब दिन अंधियारे हों, हमें उस पर हमारी आँखें लगाए हुए, यीशु को स्मरण रखने की आवश्यकता है:

> . . . इस कारण जब कि गवाहों का ऐसा बड़ा बादल हम को घेरे हुए है, तो आओ, हर एक रोकने वाली वस्तु और उलझाने वाले पाप को दूर करके, वह दौड़ जिसमें हमें दौड़ना है धीरज से दौड़ें, और विश्वास के कर्ता और सिद्ध करने वाले यीशु की ओर ताकते रहें, जिसने उस आनन्द के लिये जो उसके आगे धरा था, लज्जा की कुछ चिन्ता न करके क्रूस का दुःख सहा, और परमेश्वर के सिंहासन की दाहिनी ओर जा बैठा। इसलिये उस पर ध्यान करो, जिसने अपने विरोध में पापियों का इतना विरोध सह लिया कि तुम निराश होकर साहस न छोड़ दो (इब्रा. 12:1-3)।

पौलुस ने इस बात पर बल दिया यीशु मसीह का पुनरुत्थान और उसका मसीहा होना **मेरे सुसमाचार के अनुसार** था। ये सत्य उसके प्रचार के केंद्र में थे। यह वाक्यांश "मेरा सुसमाचार" हमें विचित्र प्रतीत हो सकता है, क्योंकि, यह आखिरकार, यीशु मसीह का सुसमाचार है। हालाँकि कई बार एक व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को एक बहुमूल्य वस्तु सौंपकर यह निर्देश देगा: "इसकी रक्षा यह मानकर कर मानो यह तेरा ही है" यीशु ने पौलुस को अपना सुसमाचार दिया था, और प्रेरित उसकी रक्षा यह मानकर कर रहा था मानो यह उसका अपना ही था। वास्तव में, उसने इसे अपना बना लिया था (देखें रोमियों 2:16; 16:25)। हमें भी यही करने की आवश्यकता है।

परमेश्वर का सेवक (2:9, 10)

[9]जिसके लिये मैं कुकर्मी के समान दुःख उठाता हूँ, यहाँ तक कि कैद भी हूँ; परन्तु परमेश्वर का वचन कैद नहीं। [10]इस कारण मैं चुने हुए लोगों के लिये सब कुछ सहता हूँ, कि वे भी उस उद्धार को जो मसीह यीशु में है अनन्त महिमा के साथ पाएँ।

आयत 9. दुःख उठाने का पौलुस का अगला उदाहरण वह स्वयं था। आयत 8 में सुसमाचार का वर्णन करने के बाद, उसने कहा, **जिसके लिए मैं कुकर्मी के समान दुःख उठाता हूँ, यहाँ तक कि कैद में भी हूँ।** वह इसलिए दुःख नहीं उठा

रहा था कि उसने कुछ गलत किया था, बल्कि वह इसलिए दुःख उठा रहा था क्योंकि उसने सुसमाचार का प्रचार किया था। उसका कथन कठोर से और अधिक कठोर और कठोरतम की ओर बढ़ता है (1) "दुःख उठाता हूँ," (2) "कैद में हूँ," (3) "एक कुकर्मी के समान।"

"दुःख उठाना" κακοπαθέω *(काकोप्थेओ)* से है, आम तौर पर उसी शब्द के समान है जो आयत 3 में मिलता है, उपसर्ग σύν (*सन,* "साथ") के बिना। शाब्दिक तौर पर, यह "बुराई को सहना" है।[34] "कैद" δεσμός *(देस्मोस)* से है, जो δέω *(दियो)* से निकला है और बाँधने, नियंत्रित करने, या प्रतिबन्ध लगाए जाने का सन्दर्भ है।[35] पौलुस के मामले में, इस प्रतिबन्ध में जंजीरें सम्मिलित थीं।[36] रोम इस बात का कोई भी अवसर नहीं देना चाहता था कि ये कैदी भाग निकले।

पौलुस की परिस्थितियों का सबसे कठिन पहलू यह था कि उसे "एक कुकर्मी के रूप में" कैद किया गया था। "कुकर्मी" κακοῦργος *(काकोर्गोस)* से है, κακός (*काकोस*, "बुरा") और ἔργον (*एरगोन*, "काम") का संयोजन है। इस शब्द का शाब्दिक अर्थ है "कुकर्मी"[37] (देखें KJV) और यह एक सामान्य अपराधी के लिए समकालीन शब्द था। नए नियम में शब्द का उपयोग करने वाला एकमात्र अन्य स्थान यीशु के साथ क्रूस पर चढ़ाए गए "कुकर्मियों" की उपाधि में है (लूका 23:32, 33, 39)। जहाँ तक रोम का सम्बन्ध था, पौलुस एक अवैध धर्म और नगर के विनाश के लिए उत्तरदायी एक घृणित संप्रदाय का अगुवा था। यीशु ने एक सामान्य अपराधी के रूप में दुःख उठाया और मर गया, और अब पौलुस भी वही करेगा।

इस क्षण पर पौलुस ने एक सकारात्मक टिप्पणी सम्मिलित की: **परन्तु परमेश्वर का वचन कैद** *[दियो]* **नहीं।**[38] सुसमाचार के शत्रु सन्देशवाहक को तो कैद में डाल सकते थे, परन्तु वे संदेश को कैद में नहीं डाल सकते थे। इसे बहुत से गवाहों (2:2) के सामने प्रचार किया गया था। प्रेरित पत्र प्रसारित हो रहे थे। सुसमाचार विवरण लिखे जा चुके थे। हम इस बात के विषय में सुनिश्चित हो सकते हैं कि पौलुस अपने मुकदमे के समय भी रोम में प्रचार कर रहा था। तीमुथियुस भी वचन को दूसरों को सौंपेगा, जो एक अंतहीन प्रगति का आरम्भ करेगा (2:2)। चिंगारी भड़क उठी थी, और मनुष्यों के सभी प्रयत्न भी इसे बुझा नहीं सकते थे। यदि मानव प्रयास सुसमाचार को नाश कर सकता, तो यह बहुत पहले नाश हो गया होता; परन्तु वचन "जीवित और प्रबल" बना रहता है (इब्रा 4:12)। यीशु ने कहा, आकाश और पृथ्वी टल जाएँगे, परन्तु मेरी बातें कभी न टलेंगी (मत्ती 24:35)। दो हजार वर्ष बाद, हम आज भी वचन को पढ़ रहे हैं और उसका अध्ययन कर रहें हैं!

आयत 10. पौलुस दुःख उठाने के लिए तैयार क्यों था? यह आयत हमें बताती है क्यों। यह आरम्भ होती है, **इस कारण मैं चुने हुए लोगों के लिए सब कुछ सहता हूँ**। "सहना" ὑπομένω *(हुपोमेनो)* से है, जो ὑπό (*हुपो,* "अधीन") और μένω (*मेनो,* "रहना") का मिश्रण है। यह "विरोध के सामने एक विश्वास या

कार्यवाही को बनाए रखना है, किसी का खड़ा रहना, थामे रखना, सहन करना।"[39] विलियम हेंड्रिक्सन ने कहा, इसका अर्थ है आगे बढ़ना (विश्वास करना, गवाही देना, उपदेश देना) "हालाँकि भार जिसके अधीन कोई जीवन के मार्ग पर यात्रा कर रहा है, वह बहुत भारी हो गया है।"[40] "सब कुछ" में उसके जीवन की हर कठिनाई सम्मिलित थी। उससे घृणा की गई, पथराव किया गया, बेंतों और डंडो से पीटा गया, उसका जहाज टूट गया, और भी अधिक (2 कुरि. 11:23-28); परन्तु इस क्षण विशेष रूप से उसके मन में उसकी कैद और आने वाली मृत्यु थी।

पौलुस के उसके भारी बोझ के बाद भी चलते रहने के लिए तैयार रहने का कारण क्या *था?* यहाँ उसका उत्तर है: **चुने हुए लोगों के लिए**। "चुने हुए" (ἐκλεκτός, *एक्लेकेतोस)* के लिए यूनानी शब्द का अनुवाद "चयनित"[41] में भी किया जा सकता है और इसे अकसर "चुना हुआ" अनुवाद किया जाता है। एच. सी. जी. माऊलि ने टिप्पणी की, यहाँ पर, "'चुना हुआ' निस्संदेह कलीसिया, शिष्यों की मण्डली है।"[42]

पौलुस दुःख उठाने के लिए तैयार था **कि वे भी** [चुने हुए] **उस उद्धार को जो मसीह यीशु में है अनन्त महिमा के साथ पाएँ**। उद्धार "मसीह यीशु" में पाया जाता है और कहीं नहीं। पौलुस ने इसके बाद कहा, [उद्धार] **अनन्त**[43] **महिमा के साथ पाएँ**। यह यूनानी दार्शनिकों द्वारा प्रस्तावित निरा अनन्त अस्तित्व नहीं था, बल्कि अनन्त काल में परमेश्वर और यीशु के साथ एक *तेजस्वी अस्तित्व* था। पौलुस दुःख उठाने के लिए तैयार था ताकि लोगों को बचाया जा सके और वे स्वर्ग में जा सके।

जो पवित्रशास्त्र के लिए एक कैल्विनवादी दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध हैं, वे परमेश्वर के द्वारा समय के आरम्भ होने से पहले कुछ लोगों के "चुनाव" के बारे में एक धार्मिक घोषणा के रूप में आयत 10 को लेते हैं। उनके सिद्धांत के अनुसार, परमेश्वर ने बहुत पहले घोषणा की थी कि विशिष्ट व्यक्तियों को बचाया जाएगा।[44] और कुछ विशिष्ट व्यक्ति खो जाएंगे। जो लोग इस दृष्टिकोण को मानते हैं वे उन लोगों को जिन्हें बचाने के लिए नियत किया गया है "चुने हुए" या "चयनित" कहते हैं।

"ध्यान दें," वे कहते हैं, "कि अनुच्छेद में चुने हुओं ('चुने हुए') ने अभी तक उद्धार प्राप्त नहीं किया है। तो क्रम है पहले 'चुना गए' और बाद में बचाए गए।" वे इस बात को स्मरण करने में विफल हो जाते हैं कि पौलुस ने अकसर "उद्धार" को एक व्यापक भाव में प्रयोग किया है - जो यह कि अद्भुत उद्धार जो जब आरम्भ होता है, जब हम सुसमाचार पर विश्वास करते हैं और बपतिस्मा लेते हैं (मरकुस 16:16), जो हमारे मसीही जीवन में जारी रहता है जैसे-जैसे परमेश्वर हमें हमारे पापों से शुद्ध करता है (1 यूहन्ना 1:7), और इसके बाद "धीरे-धीरे मधुरता में"[45] उत्कर्ष (सिद्धता तक आते हैं) तक पहुंचते हैं (देखें रोमियों 5:9, 10)।

आयत 10 में, स्वर्ग में हमारे परम उद्धार पर बल दिया गया है। NASB में

इस छाप को छोड़कर कुछ हद तक यह अस्पष्ट है कि "उद्धार" और "अनन्त महिमा" दो अलग-अलग बातें हैं: "जो उद्धार मसीह यीशु में है और उसके साथ अनन्त महिमा है।" "और" और "यह" अनुवादकों द्वारा जोड़े गए थे। यूनानी शब्द में "उस उद्धार में जो मसीह यीशु में [μετά, *मेटा*] अनन्त महिमा के साथ है (देखें KJV)। हमारे परम "उद्धार" का उत्कर्ष "अनन्त महिमा" है। NEB में "वह तेजस्वी और अनन्त उद्धार जो मसीह यीशु में है" है। "चुने हुए"/"चुने गए" मसीही हैं, जिनके पहले के पाप क्षमा किए गए और उन्हें बचाया गया है (प्रेरितों. 2:38) परन्तु फिर भी वे अपने "अनन्त महिमा" वाले उद्धार की बाट जोह रहे हैं।

परमेश्वर की उसके लिए दुःख उठाने वालों के लिए प्रतिज्ञा (2:11-13)

[11]यह बात सच है, कि यदि हम उसके साथ मर गए हैं, तो उसके साथ जीएंगे भी; [12]यदि हम धीरज से सहते रहेंगे, तो उसके साथ राज्य भी करेंगे; यदि हम उसका इनकार करेंगे, तो वह भी हमारा इनकार करेगा; [13]यदि हम अविश्वासी भी हों, तौभी वह विश्वासयोग्य बना रहता है, क्योंकि वह आप अपना इनकार नहीं कर सकता।

आयतें 11-13. पौलुस दुःख उठाने की अपनी चर्चा को तीमुथियुस और तीतुस के पत्रों में लिखी पांचवीं और अन्तिम **सच्ची बात** के साथ समाप्त करता है।[46] अधिकांश आधुनिक अनुवाद 11 से लेकर 13 आयतों को कविता की शैली में दर्शाती हैं। इसका लय वाला स्वभाव और वाक्यांशों की समानांतरता[47] ने बहुत से लोगों का नेतृत्व यह निष्कर्ष निकालने के लिए किया है कि ये एक पहले के मसीही भजन का अंश थे।[48] चाहे बात ये हो या नहीं, "भाषा बहुत बार, अनोखे तरीके से पौलुस की है।"[49]

भाषा का व्यवहार संकेत करता है कि इस कथन को स्वयं पौलुस के द्वारा रचा गया था (पवित्रात्मा की प्रेरणा के अधीन)।

कि यदि हम उसके साथ मर गए हैं, तो उसके साथ जीएंगे भी;
यदि हम धीरज से सहते रहेंगे, तो उसके साथ राज्य भी करेंगे;
यदि हम उसका इनकार करेंगे, तो वह भी हमारा इनकार करेगा;
यदि हम अविश्वासी भी हों, तौभी वह विश्वासयोग्य बना रहता है, क्योंकि वह आप अपना इनकार नहीं कर सकता।

"सच बात" पंक्तियों के दो जोड़ों से बनी है। पहला जोड़ा सकारात्मक है, दूसरा जोड़ा नकारात्मक है। सकारात्मक पंक्तियाँ धन्यवाद को उत्पन्न करती हैं, जबकि नकारात्मक विचारों को उकसाती हैं।

पंक्ति 1: "कि यदि[50] हम उसके साथ मर गए हैं,[51] तो उसके साथ जीएंगे भी (2:11)। यह चौंकाने वाला है कि यह भाषा रोमियों 6:3-6 के कितना समान,

जो हमारे बपतिस्मा की तुलना मृत्यु, गाड़े जाने, मसीही के पुनरुत्थान से करता है। रोमियों 6:8 की शब्दावली समानांतर भी है: "इसलिये यदि हम मसीह के साथ मर गए, तो हमारा विश्वास यह है कि उसके साथ जीएंगे भी।"

हालाँकि, हमारा आत्मिक रूप से "मरना" एक बार होने वाली घटना नहीं है। हमें "शरीर के कामों को मारते" रहना चाहिए (रोमियों 8:13; देखें 1 कुरि. 15:31; 2 कुरि. 4:10)। यदि हम यह करें, तो हम उसके साथ जीएंगे। जो यह कि, हम सच्चे और वास्तविक जीवन का आनन्द लेंगे जो तब आरम्भ हुआ था जब हम बपतिस्मा के जल से ऊपर आये थे, और यह हमारे मसीही जीवनों में बना रहता है, और इसका उत्कर्ष अनन्त जीवन है।

आयतें 11 से लेकर 13 को "शहीदों का गीत" कहा गया है। आम तौर पर यह माना जाता था कि इसे शहीदों को शान्ति देने के लिए लिखा गया था।[52] यदि मामला यह था, तो कोई यह सोचेगा कि इसे ऐसे नहीं लिखना चाहिए कि "यदि हम उसके साथ *मर* गए हैं" बल्कि इसके बजाय यह इस प्रकार होगा, "यदि हम उसके साथ *मरते* हैं।" मूल रूप से चाहे इसे उन शहीद होने वाले लोगों के लिए न लिखा गया हो तो भी यह देखना सरल है कि यह "सच्ची बात" उन लोगों के लिए शान्ति का स्रोत रही हों जो अपने विश्वास के लिए मृत्यु का सामना कर रहे थे।

पंक्ति 2: यदि हम धीरज से सहते रहेंगे, तो उसके साथ राज्य भी करेंगे; (2:12)। "धीरज से सहना" 2:10 में प्रयोग किए शब्द के समान ही है, जहाँ पौलुस ने कहा, "मैं सब कुछ सहता [*हुपोमेनो*] हूँ।" सताव को धीरज से सहना इसे हमें इस सीमा तक हतोत्साहित करने से रोकता है कि हम अपना विश्वास त्याग दें। यदि कोई अन्त तक विश्वासयोग्य रहे, तो वह "उसके साथ राज्य करेगा।" यह "राज्य करना" भी एक अन्य आशीष है जो अब आरम्भ होकर स्वर्ग में उत्कर्ष तक पहुंचती है। मसीही अब इसलिए राज्य करते हैं क्योंकि हम अब एक राजकीय घराने का भाग हैं (1 पतरस 2:9; प्रका. 5:10)। हम राजा की सन्तान हैं (रोमियों 8:16, 17), जो हमें राजकुमार और राजकुमारियां बनाता है। स्वर्ग में, हमें यीशु मसीह के साथ उसके सिंहासन पर बैठने की अनुमति मिलेगी (प्रका. 3:21; देखें 5:10)। अब और तब दोनों समय, हम "उसके साथ राज्य करेंगे" (प्रका. 20:6)।[53] जिन लोगों को रोम के द्वारा शहीद किया गया था उनके साथ ऐसे व्यवहार किया गया था मानो वे कुछ नहीं थे - कुछ नहीं, से अधिक नहीं - परन्तु वास्तव में, वे राजकीय थे।

पंक्ति 3: यदि हम उसका इनकार करेंगे, तो वह भी हमारा इनकार करेगा; (2:12)। यीशु ने कहा, पर जो कोई मनुष्यों के सामने मेरा इनकार करेगा, उसका मैं भी अपने स्वर्गीय पिता के सामने इनकार करूँगा (मत्ती 10:33)। "इनकार करता है" एक कड़े शब्द ἀρνέομαι *(अर्नेओमई)*, जिसका अर्थ है "परित्याग करना, अस्वीकार करना।"[54] हमें मत्ती 7:21-23 स्मरण आता है, जहाँ यीशु ने घोषणा की कि न्याय के दिन वह उन लोगों से कहेगा जो परमेश्वर की आज्ञाओं का पालन करने में विफल रहे, "मैं तुम्हें नहीं जानता।" चर्चा के अधीन अनुच्छेद

में, NIV में है "वह हमें भी अस्वीकार कर देगा।"

पंक्ति 4: "यदि हम अविश्वासी भी हों, तौभी वह विश्वासयोग्य बना रहता है, क्योंकि वह आप अपना इनकार नहीं कर सकता" (2:13)। "अविश्वासी" ἀπιστέω *(अपिस्तीओ)*, जो πιστεύω (*पिस्टुओ*, "विश्वास") से बना है और α *(अ)* के द्वारा इसका खंडन किया गया है। "विश्वासयोग्य" संबंधित विशेषण πιστός *(पिस्तोस)*[55] से है। *अपिस्तीओ* का अनुवाद "अविश्वासी" में किया जा सकता है; पर *पिस्तोस* को "विश्वासी" के रूप में अनुवाद करना प्रभु का उचित वर्णन नहीं है, इसलिए "अविश्वासी" और "विश्वासयोग्य" बेहतर हैं।

यह चौथी पंक्ति तीसरी के समानांतर है, परन्तु इसमें मोड़ है: यदि पंक्ति पिछले कथन की शैली का अनुसरण करती है, तो यह कहेगी, "यदि हम अविश्वासी हैं, तो वह अविश्वासी है"; परन्तु, चूंकि प्रभु कभी भी अविश्वासी नहीं है, इसलिए पंक्ति में "विश्वासयोग्य" है।

यह विचार कि परमेश्वर हमारी सहायता करने और हमें आशीष देने के लिए विश्वासयोग्य है, हालाँकि यह असंभव है कि इस विशेष अनुच्छेद में पौलुस के मन में यह सबसे ऊपर था। पंक्ति 4 शायद समानांतर पंक्ति 3 के लिए है। इससे उसका "इनकार करना" "अविश्वासी" होने के समानांतर हो जाएगा। यह कि "वह . . . हमारा इनकार कर देगा" "वह विश्वासयोग्य है" के समानांतर है। "यह बदले में," "वह विश्वासयोग्य है" वह "हमें अस्वीकार करने की अपनी चेतावनी के प्रति विश्वासयोग्य रहेगा" के बराबर है।[56] हेन्ड्रिक्सन ने टिप्पणी की,

> *विश्वासयोग्यता* [परमेश्वर के] भाग पर एक चेतावनी लेकर चलती है [मत्ती 10:33] उसकी प्रतिज्ञाओं के समान [मत्ती 10:32]! जो लोग विश्वासयोग्य हैं उनके लिए ईश्वरीय विश्वासयोग्यता अद्भुत शान्ति है . . . । यह उन लोगों के लिए बहुत ही गंभीर चेतावनी है जो विश्वासघाती बनने के इच्छुक हो सकते हैं।[57]

हालाँकि आयत 13 का बल मूल रूप से नकारात्मक है, फिर भी यह एहसास होना शांतिपूर्ण है कि परमेश्वर जो भी प्रतिज्ञा करता है उसे वह पूरा करता है। पौलुस ने जिस बात के साथ समाप्त किया वह यह है कि "वह आप अपना इनकार नहीं कर सकता।" वह इस बात का इनकार नहीं कर सकता कि वह कौन है, वह इस बात का इनकार नहीं कर सकता वह किस बात के लिए खड़ा है, और वह इस बात का इनकार नहीं कर सकता जो उसने कहा है। वह ऐसा इसलिए नहीं कर सकता क्योंकि यह उसके स्वभाव के विपरीत होगा।[58]

किस प्रकार यह "सच बात" दुःख उठाने से सम्बन्धित है? एक हाथ पर, उसके साथ मरने में उसके लिए दुःख उठाने के लिए तैयार रहना सम्मिलित है यदि उसका कार्य इसकी मांग करता है। यदि हम ऐसा करने के लिए तैयार हैं तो हम उसके साथ जीएंगे। यदि हम धीरज से सहें और विश्वासी बने रहें, तो चाहे कुछ भी हो, हम उसके साथ राज्य करेंगे। दूसरे हाथ पर, जब सताव आता है और हम उसका इनकार करते हैं, तो हम यह जान सकते हैं कि वह हमारा इनकार

कर देगा। वह अपनी चेतावनी को पूरा करेगा, क्योंकि वह आप अपना इनकार नहीं कर सकता। साधारण तौर पर कहें, "यीशु के प्रति विश्वासयोग्यता, दृढ़ता यहाँ तक कि सताव के मध्य में भी प्रतिफल दिया जाएगा, और विश्वासघात का दण्ड मिलेगा।"[59]

अनुप्रयोग

इसे आगे सौंपना (2:2)

2008 बीजिंग ओलम्पिक में, 400 मीटर रिले के दौरान, संयुक्त राज्य अमेरिका की महिला टीम के एक सदस्य ने हैंडऑफ के दौरान एक त्रुटि की। वे ट्रैक पर सबसे तेज टीम थे, परन्तु उन्होंने कोई पदक नहीं जीता - सब एक बैटन के कारण जो आगे नहीं सौंपा गया था।

परमेश्वर के वचन को आगे सौंपना सुसमाचार को सुरक्षित रखने और स्थायी बनाने की परमेश्वर की योजना है। जे. डब्ल्यू. रॉबर्ट्स ने लिखा,

> सुसमाचार पूरी तरह से पुष्टि होने और पवित्र शास्त्र को दिए जाने के बाद "एक ही बार" सदा के लिए दिया गया था (यहूदा 3), सुसमाचार को चमत्कारिक वरदानों या शक्तियों जैसे कि भविष्यवाणी और भाषाओं द्वारा स्थिर नहीं किया गया था। सुसमाचार का संरक्षण तब विश्वासयोग्य पुरुषों को प्रशिक्षण देने का विषय था।[60]

परमेश्वर हमारी अगली पीढ़ी को सुसमाचार सौंपने की ज़िम्मेदारी में कभी भी कमी न होने में हमारी सहायता कर सकता है!

योद्धा, अखाड़े में लड़ने वाला, और किसान (2:4-6)

परमेश्वर की मंशा यह नहीं थी कि मसीही जीवन को एक आसान जीवन होना चाहिए। एक योद्धा का जीवन आसान नहीं होता है। एक खिलाड़ी का जीवन आसान नहीं होता है। एक किसान का जीवन भी आसान नहीं होता है। ऐसे ही तीमुथियुस को एक आसान जीवन की आशा नहीं करनी थी, बल्कि उसे पौलुस के साथ "दुःख उठाने" की तैयारी करनी थी (2:3)।

हमें एक अतिरिक्त विचार से नहीं चूकना चाहिए: मसीही जीवन एक आसान जीवन नहीं, परन्तु *यह इस योग्य है।* विश्वासयोग्य सैनिक अपने कमांडर[61] को प्रसन्न करता है और इसलिए (निहितार्थ द्वारा) उसके पदोन्नति और सम्मान और उपहार (जैसे कि संपत्ति) प्राप्त करने की संभावना है।[62] नियमों के अनुसार प्रतिस्पर्धा करने वाला खिलाड़ी विजय का मुकुट[63] प्राप्त करता है। कड़ा परिश्रम करने वाला किसान फसल के पहले अंश का अधिकारी है। हमें प्रकाशितवाक्य 2:10 स्मरण आता है: "प्राण देने तक विश्वासी रह, तो मैं तुझे जीवन का मुकुट दूँगा" (AB)।

"प्रतिदिन के जीवन के काम" क्या हैं? (2:4)

आयत 4 से कई संदिग्ध अनुप्रयोग किए गए हैं। उदाहरण के लिए, एक धार्मिक समूह यह प्रमाणित करने के लिए अनुच्छेद का उपयोग करता है कि धार्मिक अगुवों को विवाह नहीं करना चाहिए या उनका परिवार नहीं होना चाहिए - इस तथ्य के बावजूद कि बाइबल सिखाती है कि "विवाह सब में आदर की बात समझी जाए" (इब्रा. 13:4)। एक आम बात यह है कि प्रचारकों की धर्मनिरपेक्ष नौकरियां कभी नहीं होनी चाहिए, भले ही उनके परिवारों का समर्थन करना आवश्यक हो। पौलुस जिसने तंबू बनाए (प्रेरितों 18:1-3) और जिसने किसी के परिवार का समर्थन करने की आवश्यकता के बारे में सिखाया उस के उदाहरण के बावजूद यह विश्वास बना रहता है (1 तीमु. 5:8)।

विजय का मुकुट (2:5)

विजय का मुकुट प्राप्त करने के लिए, हमें नियमों का पालन करना होगा। हमें नियमों के अनुसार प्रतिस्पर्धा करनी होगी। कुछ समूहों में यह कहना प्रचलित है कि "मसीहियत में कोई नियम नहीं है" या "एकमात्र नियम प्रेम का नियम है।" यह सच है कि हम ईश्वर की कृपा से बचाए जाते हैं, न कि नियमों का पालन करके, परन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि एक मसीही के पालन करने हेतु कोई नियम नहीं है, अनुसरण करने के लिए कोई नियम है ही नहीं। यहाँ तक कि पौलुस ने विजय के मुकुट का उल्लेख करने से पहले एक अच्छी कुश्ती लड़ने और दौड़ को समाप्त करने की बात की थी (4:7, 8)।

जब हम वह करने पर दुःख उठाते हैं जो उचित है (2:11-13)

क्या हम सुसमाचार के लिए दुःख उठाने को तैयार हैं? पौलुस था, स्पष्ट रूप से तीमुथियुस था, और हमें भी तैयार रहना चाहिए। इसका अर्थ यह *नहीं* है कि कोई दूसरों के लिए अप्रिय या कठोर है इस कारण दुःख सहना। इसका अर्थ दुःख उठाना *है* इसलिए कि कोई व्यक्ति यीशु मसीह के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से समझौता नहीं करेगा। पतरस ने इसे इस तरह रखा:

> 'तुम में से कोई व्यक्ति हत्यारा या चोर या कुकर्मी होने, या पराए काम में हाथ डालने के कारण दुःख न पाए। पर यदि मसीही होने के कारण दुःख पाए, तो लज्जित न हो, पर इस बात के लिये परमेश्वर की महिमा करे' (1 पतरस 4:15, 16)।

> क्योंकि यदि तुम ने अपराध करके घूँसे खाए और धीरज धरा, तो इस में क्या बड़ाई की बात है? पर यदि भला काम करके दुःख उठाते हो और धीरज धरते हो, तो यह परमेश्वर को भाता है (1 पतरस 2:20)।

हमें प्रार्थना करनी चाहिए, "परमेश्वर,किसी भी कठोर व्यवहार को धीरज से सहन करने में मेरी सहायता करें जो आपके पीछे विश्वासयोग्यता से चलने के

परिणामस्वरूप मेरे मार्ग में आता है। जिसने मेरे लिए दुःख सहा उसके नाम पर, आमीन।"

जब हम मसीह का इनकार करते हैं (2:12)

रोम के सताव के दौरान, मसीहियों पर मसीह का इनकार करने के लिए बड़ा दबाव डाला गया था। आर. सी. एच. लेंस्की ने व्याख्या की, "शीघ्र ही वे दिन आए जब अन्यजाति अधिकारियों ने मसीहियों को एक अन्यजाति देवता को बलिदान करने या एक वेदी पर धूप छिड़ककर और सम्राट को परमेश्वर के रूप में नामित करने के द्वारा मसीह का इनकार करने की मांग की।"[64]

मसीह का इनकार करने के बहुत से तरीके हैं। हम उसे मौखिक तौर पर इनकार कर सकते है, जैसा पतरस ने किया था, जिसने बल देकर कहा था, "मैं इस मनुष्य को नहीं जानता" (मत्ती 26:72); पर उसका इनकार करने कुछ अस्पष्ट तरीके भी हैं। झूठे शिक्षकों के विषय में पौलुस ने कहा, "वे अपने *कामों* से उसका इनकार करते हैं" (तीतुस 1:16; बल दिया गया है)। हम मसीह से इनकार करते हैं जब हम उसके लिए, उसके वचन और उसके लोगों के लिए बात करने में विफल रहते हैं। जब हम एक दुष्ट भीड़ के साथ जाते हैं तो हम उसका इनकार करते हैं। यदि हम दूसरों की आवश्यकताओं के विषय में कोई विचार नहीं करते हैं, तो हम उसका इनकार करते हैं, जिसने कहा, "अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम रखो" (मत्ती 22:39)। यदि हम दूसरों के लिए प्रेम नहीं दिखाते - परिवार, मित्रों, यहाँ तक कि शत्रु - तो हम उसका इनकार करते हैं, जिसने कहा, "एक दूसरे से प्रेम रखो" (यूहन्ना 13:34; देखें 1 तीमु. 5:8)।

यदि हमने उसका इनकार कर दिया है, तो हमें पतरस के तरीके से पश्चाताप करने की संभावना को ध्यान में रखना चाहिए, ताकि न्याय के दिन मसीह हमारा इनकार न करे। इसके अलावा, हमें अपने प्रभु के द्वारा इनकार किए जाने की भयानक संभावना से अवगत होना चाहिए। "यदि हम उसका इनकार करते हैं, तो वह भी हमारा इनकार कर देगा।"

परमेश्वर विश्वासयोग्य है (2:13)

यह तथ्य कि परमेश्वर "विश्वासयोग्य है" आमतौर पर इसकी प्रोत्साहन के शब्द के रूप में व्याख्या की जाती है। एक बदल रहे, परिवर्तनीय संसार में, परमेश्वर पत्थर के समान ठोस बना रहता है। यहाँ तक कि जब हम अपने वचन का पालन नहीं करते, तब भी वह अपने वचन का पालन करता है। हालाँकि हम उससे दूर चले जाते हैं, वह हिलता नहीं है। हम सदैव पश्चाताप और प्रार्थना में उसके पास वापस आ सकते हैं (देखें लूका 15:18)। वह निर्भर रहने योग्य है; वह विश्वासयोग्य है; वह दृढ़ और सटीक है; वह विश्वासयोग्य है। "सभी पीढ़ियों तक उसकी विश्वासयोग्यता [बनी रहती है]" (भजन 100:5)। दुर्भाग्यवश, कुछ लोग सोचने के इस तरीके को चरम तक ले जाते हैं: "भले ही हम अविश्वासी हों, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता; परमेश्वर हमें फिर भी बचाएगा। वे तर्क देते हैं, "हमारे

कार्यों का कोई स्थायी परिणाम नहीं है। परमेश्वर सदैव हमारी गंदगी को साफ करेगा।"[65] बाइबल स्पष्ट करती है कि यह बात नहीं है।

समाप्ति नोट्स

[1]वाल्टर एल. लिफेल्ड, *1 एण्ड 2 टिमोथी, टाइटस*, द NIV एप्लीकेशन कमेन्ट्री (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जोंडरवैन, 1999), 251. [2]"मनुष्यों" का अनुवाद सामान्य शब्द ἄνθρωπος (*अन्थ्रोपोस*) के बहुवचन रूप से किया जाता है, जिसमें महिलाओं को शामिल किया जा सकता है। मसीही महिलाओं को प्रशिक्षित करने की भी आवश्यकता है। [3]वाल्टर बाऊर, *ए ग्रीक-इंग्लिश लेक्सिकन ऑफ़ द न्यू टेस्टमेंट एण्ड अदर अर्ली क्रिस्चियन लिटरेचर*, तीसरा एडिशन, रिवाइज्ड एण्ड एडिटेड। फ्रेडरिक विलियम डेंकर (शिकागो: यूनिवर्सिटी ऑफ़ शिकागो प्रेस, 2000), 820. [4]उपरोक्त, 472; डब्ल्यू. ई. वाइन, मेर्रिल ऍफ़. अंजर, एण्ड विलियम वाइट, जूनियर, *वाइन्स कम्पलीट एक्स्पोसिटरी डिक्शनरी ऑफ़ ओल्ड एण्ड न्यू टेस्टमेंट वर्ड्स* (नेशविल: थॉमस नेल्सन पब्लिशर्स, 1985), 3. [5]जिस यूनानी शब्द का "सिखाने के योग्य" 1 तीमुथियुस 3:2 में अनुवाद किया गया है वह इस 2 तीमुथियुस 2:2 में अनुवाद किए वाक्यांश "सिखाने के योग्य" से भिन्न है, पर मूल रूप से अर्थ एक ही समान है। [6]"गवाहों" "शहीद" (μάρτυς, *मार्टस*) के लिए यूनानी शब्द से है। इसलिए कुछ सुझाव देते हैं कि पौलुस कह रहा था कि उसने उन बहुत से लोगों को प्रचार किया था जो अब शहीद हो चुके थे। [7]बाऊर, 225. [8]आज भी, ऐसे लोग हैं जो दावा करते हैं कि प्रेरितों की कुछ शिक्षाओं को कलीसिया में एक चुनिंदा समूह को सौंपा गया था, न कि सभी के लिए। [9]जॉन आर. डब्ल्यू. स्टॉट, *गार्ड द गोस्पल: द मेसेज ऑफ़ 2 टिमोथी*, द बाइबल स्पीक्स टुडे (डाउनर्स ग्रोव, इल्लिनोय: इंटरवेर्सिटी प्रेस, 1973), 52. [10]"मेरे" अनुवादकों द्वारा जोड़ा गया है। NIV1984 में "हम" हैं। इस अनुच्छेद में जिस यूनानी शब्द का अनुवाद "मेरे साथ दुःख उठा" में हुआ है उसका अनुवाद 1:8 में "मेरे साथ दुःख उठाने में सहभागी हो [मेरे साथ दुःख उठा]" में किया गया है।

[11]देखें रोमियों 6:13; 7:23; 1 कुरि. 9:7; 2 कुरि. 6:7; 10:3, 4; इफि. 6:11-17; 1 तीमु. 1:18. [12]जेम्स थॉम्पसन, *एक्विप्पड फॉर चेंज: स्टडीज़ इन द पास्टरल इपिस्ल्स* (एबिलिन, टेक्सस: हिलक्रेस्ट पब्लिशिंग, 1996), 123-24. [13]वाइन, अंजर, एण्ड वाइट, 202-3. [14]*शेफर्ड ऑफ़ हेर्मस* पेरब्ल्स 6.2.6-7. [15]बाऊर, 859. [16]वाइन, अंजर, एण्ड वाइट, 584. [17]बाऊर, 948. [18]उपरोक्त, 24. [19]देखें 1 कुरि. 9:24, 26; गला. 2:2; फिलि. 2:16; 3:13, 14. [20]एल्फ्रेड मार्शल, *द इंटरलीनियर NASB/NIV पेरलेल न्यू टेस्टमेंट इन ग्रीक इन इंग्लिश* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जोंडरवन पब्लिशिंग हाउस, 1993), 614.

[21]*स्टेफानोस* वह शब्द है जिसका अनुवाद 4:8 में "मुकुट" में किया गया है। [22]उदाहरण के लिए, कई एथलीट प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं के प्रतिबन्ध का उल्लंघन करते हैं और अयोग्य घोषित हो जाते हैं। [23]लिफिल्ड, 248. [24]एच. सी. जी. माउल, *स्टडीज़ इन 2 टिमोथी*, क्रेगेल पोपुलर कमेन्ट्री सीरीज़ (ग्रैंड रेपिड्स, मिशिगन: क्रेगेल पब्लिकेशन्स, 1977), 77. [25]इसी शब्द का प्रयोग 1 तीमुथियुस 4:10 और 5:17 में किया गया है। [26]स्टॉट, 56. [27]एक अन्तर के लिए, नीति. 10:5; 20:4; 24:30, 31 में आलसी मनुष्य के विषय में कथनों को देखें। [28]वाइन, अंजर, एण्ड वाइट, 123, 650. [29]बाऊर, 674-75. [30]परमेश्वर के वचन का अध्ययन करने के सम्बन्ध में, 2:15 पर टिप्पणियाँ देखें।

[31]आर. सी. एच. लेंस्की ने कहा कि जिस शब्द का अनुवाद "सब बातों की" (ἐν πᾶσιν) में हुआ है उसका अर्थ है "प्रत्येक विषय की" है। (आर. सी. एच. लेंस्की, *द इंटरप्रीटेशन ऑफ़ सेंट पॉल'स एपिस्ल्स टू द कोलोस्सियंस, टू द थिस्सलोनियंस, टू टिमोथी, टू टाइटस एण्ड टू फाइलीमन* [पृष्ठ नहीं: लूथरन बुक कंसर्न, 1937; रिप्रिंट, कोलम्बस, ओहायो: वार्टबर्ग प्रेस, 1946], 785.)

[32]अलेक्जेंडर कार्सन, *एग्जामिनेशन ऑफ़ द प्रिंसिपल्स ऑफ़ बिब्लिकल इंटरप्रीटेशन ऑफ़ अर्नेस्टी, अमोन, स्टुअर्ट, एण्ड अदर फिलोजिस्ट्स* (एडिनबर्ग: डब्ल्यू. वाइट, 1836), 21. [33]आर्किबाल्ड थॉमस रोबर्ट्सन, *वर्ड्स इन पिक्चर्स इन द न्यू टेस्टमेंट,* वॉल्यूम 4, *द एपिस्ल्स ऑफ़ पॉल* (न्यू यॉर्क: हार्पर एण्ड ब्रदर्स, 1931), 617-18. [34]वाइन, अंजर, एण्ड वाइट, 200. [35]उपरोक्त, 73; बाऊर, 219. [36]पौलुस ने अपनी "जंजीरों" का वर्णन 1:16 में किया है। [37]वाइन, अंजर, एण्ड वाइट, 212, 388. [38]फिर से, *दियो* का अर्थ "बन्धन में" है (देखें KJV)। बहुत से अनुवादों में "जंजीरे" हैं (NKJV; NJB; NRSV; NLT; NIV)। NCV "जंजीरों से बंधा हूँ" और "जंजीरों में [बंधा] हूँ" है; CJB में 2:9 में *दियो* के दो बार आने पर "जंजीरों में बंधा हूँ" है। [39]बाऊर, 1039. एक सम्बन्धित शब्द ὑπομονή *(हुपोमोने),* 1 तीमुथियुस 6:11 में दिखाई पड़ता है। [40]विलियम हेंड्रिक्सन, *एक्सपोजीशन ऑफ़ द पास्टरल एपिस्लस,* न्यू टेस्टमेंट कमेन्ट्री (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1965), 253.

[41]बाऊर 306. इसी शब्द का प्रयोग 1 तीमुथियुस 5:21 और तीतुस 1:1 में भी किया गया है। [42]माऊलि, 84. [43]पौलुस ने 1 तीमुथियुस 1:16, 17 में "अनन्त" (αἰών, *एयोन*) के लिए एक ही शब्द का प्रयोग किया। [44]यह सच है कि परमेश्वर, सर्वज्ञानी होने के नाते, निष्कपट हृदय का पता लगा सकता है जो यदि उन्हें उपदेश दिया जाता है तो उस सुसमाचार के प्रति उत्तर देंगे (देखें प्रेरितों. 18:9, 10); परन्तु यह ये कहने के समान नहीं है कि परमेश्वर ने स्वेच्छया से उन्हें अनन्त काल में फिर से बचाने के लिए चुना है। [45]स्वर्ग में अनन्त कल के लिए यह भाव एस. ऍफ़. बेनेट की, "स्वीट बाय एण्ड बाय," *सॉन्ग्स ऑफ़ फ़ेथ एण्ड प्रेज़,* कॉम्प. एण्ड एड. एल्टन एच. हावर्ड (वेस्ट मोनरो, लुइसियाना: हावर्ड पब्लिशिंग को., 1994)। [46]अन्य "सच बातें" 1 तीमुथियुस 1:15; 3:1; 4:7-9; तीतुस 3:4-8 में पाई जाती हैं। [47]ऐसे शब्दों पर भी एक खेल हो सकता है जो अंग्रेजी में स्पष्ट नहीं है। अनुवादित मुख्य शब्द "मरा," "जिया" और "राज्य" σύν (*सन,* "साथ") के साथ आरम्भ होते हैं, जबकि "इन्कार" (तीन बार) और "अविश्वासी" का अनुवाद उन शब्दों से हुआ जो नकारात्मक α *(ए)* से आरम्भ होते हैं। [48]पहले वाक्यांश के आरम्भ में "के लिए" (γάρ, *गार)* शब्द के लिए कुछ बिंदु। एक नियम के रूप में, यह शब्द पहले जो हुआ है उसके साथ सम्बन्ध रखता है। "यह संकेत करता है," वे कहते हैं, "कि अन्य पंक्तियाँ (एक गीत की) भी थीं जो पहले चली गईं"; परन्तु "के लिए" पिछली आयत के अन्त में "अनन्त महिमा" की ओर फिर से संकेत कर सकता है। [49]कार्ल स्पेन, *द लेटर्स ऑफ़ पॉल टू टिमोथी एण्ड टाइटस,* द लिविंग वर्ड कमेन्ट्री (ऑस्टिन, टेक्सस: आर. बी. स्वीट को., 1970), 127. [50]यह एक "प्रथम श्रेणी सशर्त वाक्य" है; यानी, यह कथन सत्य माना जाता है।

[51]यूनानी शब्द का साधारण अर्थ "उसके साथ मर" और "उसके साथ जिया" है। "वह" को समझा गया और अनुवादकों के द्वारा जोड़ दिया गया। [52]रोमी सताव के दिनों के दौरान, कुछ मसीही लोग यह विश्वास करते थे कि यदि कोई शहीद के रूप में मरा था, तो वह सीधा स्वर्ग में जाएगा। यह दृढ़ विश्वास *एक्ट्स ऑफ़ सिलीटन मार्टियर्स* में दिखाई पड़ता है 15. [53]प्रकाशितवाक्य की पुस्तक के इन अनुच्छेदों पर डेविड एल. रोपर की, *प्रकाशितवाक्य 1-11 और प्रकाशितवाक्य 12-22* में चर्चा की गयी है, ट्रुथ फॉर टुडे कमेन्ट्री (सारसी, आर्कन्सा: रिसोर्स पब्लिकेशन्स, 2002)। [54]बाऊर, 132-33. *अर्नेओमई* ("इन्कार") के रूपों का प्रयोग 1 तीमुथियुस 5:8 और तीतुस 2:12 में किया गया है। [55]2 तीमुथियुस 2:2 में जिन "विश्वासी" मनुष्यों की बात की गई है उनके लिए शब्द पिस्तोस है। [56]हेन्ड्रिक्सन से रूपान्तरित, 260. [57]उपरोक्त. [58]पौलुस ने तीतुस 1:2 में कहा "परमेश्वर . . . झूठ नहीं बोल सकता।" [59]हेंड्रिक्सन, 256. [60]जे. डब्ल्यू. रॉबर्ट्स, *लेटर्स टू टिमोथी,* द लिविंग वर्ड (ऑस्टिन, टेक्सस: आर. बी. स्वीट को., 1964), 79.

[61]अधिकांश टिप्पणीकार एक विजय का वर्णन एक पुरस्कार के रूप करते हैं, परन्तु पाठ में पुरस्कार यह है कि योद्धा अपने कमांडर को प्रसन्न करता है। [62]यह उन लोगों के लिए सत्य था जो रोमी सेना में थे। [63]प्राचीन खेलों में (आज की तरह), कई प्रतिभागियों ने नियमों का पालन किया फिर भी नहीं जीते। मसीहियत के साथ यह बात नहीं है। वे सभी जो दौड़ को पूरा करते उन्हें मुकुट

प्राप्त होगा (4:7, 8)। [64]लेंस्की, 795. [65]गेरी डब्ल्यू. डेमारेस्ट, *1, 2 थिस्सलोनियंस, 1, 2 टिमोथी, टाइटस*, द कम्यूनिकेटर्स कमेन्ट्री, वॉल्यूम 9 (विस्कोंसिन, टेक्सस: वर्ड बुक्स, 1984), 263.